वीयू –वेटरनरी कॉलेज में वर्ल्ड वेटनरी डे के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन

आज दिनांक 25.4.2026 के वर्ल्ड वेटनरी डे के उपलक्ष्य में नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा जी की अध्यक्षता में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन दो चरणों में किया गया। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद – वीड साइंस के निदेशक डॉ. जे.एस. मिश्रा रहे। आज प्रथम चरण में वेटरनरी कॉलेज जबलपुर के प्रांगण से एक जन जागरूकता रैली सुबह सात बजे निकाली गई जिसे माननीय कुलपति महोदय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जिसमें वेटरनरी कॉलेज जबलपुर के सभी स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पी.एच.डी. के 250 छात्र–छात्राओं, महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक गण एवं कर्मचारी गणों ने हिस्सा लिया तत्पश्चात महाविद्यालय में के वेटरिनरी क्लिनिक काम्प्लेक्स परिसर में एंटी रेबीज टीकाकरण का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में पशुपालकों ने अपने श्वानों को निशुल्क टीकाकरण करवाया। महाविद्यालय में वर्ल्ड वेटरिनरी डे का कार्यक्रम दिनांक 22 अप्रैल से शुरू किया गया था जिसके अंतर्गत महाविद्यालय में जागरूकता हेतु चित्रकला प्रतियोगिता निबंध लेखन प्रतियोगिता, एलोक्यूशन वैज्ञानिक गोष्टी, आदि का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र–छात्राओं ने रुचि दिखाते हुए भाग लिया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में माननीय कुलपति महोदय ने इस दिवस की शुभकामनाएं दी साथ ही अपने उद्बोधन में कहा कि पशु चिकित्सा विज्ञान का क्षेत्र न केवल पशुओं के उपचार तक सीमित है, बल्कि यह मानव स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। उन्होंने आधुनिक तकनीकों एवं टीम वर्क के माध्यम से पशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाने पर बल दिया। उन्होंने बताया कि Veterinarians का समाज में बहुत बड़ा योगदान है इस प्रकार के कार्यक्रम होते रहना चाहिए जिससे समाज में Veterinarians के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़े।

मुख्य अतिथि महोदय ने सभी को संबोधित करते हुए कहा जब हम आज की थीम के संदर्भ में बताया कि हमें मिट्टी की उर्वरकता का भी ध्यान रखना चाहिए. मिट्टी उर्वरक होगी तो पेड़ पौधो का स्वास्थ्य भी अच्छी रहेगी एवं पशुओं का पोषण भी अच्छा होगा और मनुष्य भी स्वस्थ रहेगा।

अधिष्ठाता डॉ. राखी वैश्य ने कहा कि पशु चिकित्सक बहुत सारी पशु प्रजातियां को देखते हैं और उनका इलाज करते हैं. हमें इस पर और कार्य करने की जरूरत है जिससे कि हम one health के विषय में लोगों को और जागरूक कर पाए।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. अपरा शाही द्वारा वर्ल्ड वेटरिनरी डे के उपलक्ष में आयोजित चार दिवस में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं की जानकारी साझा की।

इस अवसर पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किए।

मंचासीन अतिथियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र–छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए, जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम सुप्रीत कनौजिया तथा उत्कर्ष छिबर, द्वितीय आकांक्षा रानी, निधि तथा तृतीय हिबा अमन अली रही। एलोक्यूशन में प्रथम सुप्रीत कनौजिया द्वितीय अनिकेत त्यागी, कनिका तथा तृतीय हर्ष वर्धन व रोहित कुर्मी रहे। संपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. राजेश शर्मा, डॉ. राखी वैश्य, डॉ. अपरा शाही तथा कार्यक्रम हेतु गठित विभिन्न समितियां के अध्यक्ष एवं सदस्यों का योगदान रहा। कार्यक्रम में कुल सचिव डॉ. एस.एस. तोमर, डॉ. शोभा जावरे, डॉ. मोहन सिंह ठाकुर, डॉ. देवेंद्र गुप्ता, डॉ. अमिता तिवारी, डॉ. रनधीर सिंह, डॉ. अपर्णा आदि उपस्थित रहे।

मंच संचालन डॉ. अपूर्वा मिश्रा ने किया तथा आभार ज्ञापन डॉ. रणवीर जाटव द्वारा प्रस्तुत किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर